संख्या- 01/2018/2086 /अड़तीस-7-2018-12एलसी/2014टीसी

प्रेषक,

सुधेश कुमार ओझा,
सचिव,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

1 आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक, उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 31 जनवरी, 2018

विषय- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत संविदा पर रखे गये राज्य मुख्यालय कार्मिक, राज्य स्तर, जनपद स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत मनरेगा कार्मिकों के मानदेय के पुनरीक्षण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अपने कार्यालय के पत्रांक-मनरेगा/पत्रा संख्या-390/2164/2016-17 दिनांक 18-11-2016, पत्रांक-मनरेगा/पत्रा संख्या-390टीसी/2245/2017 दिनांक 24-10-2017 एवं पत्रांक-मनरेगा/पत्रा संख्या-390टीसी /2575/2017 दिनांक 19-12-2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्रों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में पूर्व में निर्धारित मानदेय की दरों व ग्राम्य विकास अनुभाग-7 की अधिसूचना संख्या-2555/38-7-08-10एन0आर0ई0जी0ए0-2005 दिनांक 23 अक्टूबर, 2008 के संदर्भ में संविदा पर कार्यरत राज्य मुख्यालय कार्मिक, राज्य स्तर, जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर अधोलिखित तालिका में उल्लिखित कार्यरत कार्मिकों को प्रतिमाह की दर से देय मानदेय में तात्कालिक प्रभाव से 40 प्रतिशत की दर से वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है:-

फील्ड स्तर

| क्रसं0 | पद नाम | पदों की संख्या | वर्तमान मानदेय(रूपये में) | 40 प्रतिशत वृद्धि की दर से संशोधित मानदेय(रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | तकनीकी सहायक | 4887 | 8000/- | 11200/- |
| 2 | कम्प्यूटर आपरेटर(फील्ड+मुख्यालय) | 599 | 8000/- | 11200/- |
| 3 | लेखा सहायक | 468 | 8000/- | 11200/- |
| 4 | Operation Assistant(e-FMS) | 02 | 10,000/- | 14,000/- |
| 5 | Helpline Executive Assistant | 10 | 10,000/- | 14,000/- |
| 6 | Assistant | 02 | 8000/- | 11200/- |
| 7 | Additional Programme Officer (APO) फील्ड | 612 | 20,000/- | 28,000/- |
| 8 | 4th Class | 07 | 5000/- | 7000/- |

यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैइ :अत ,स पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

राज्य स्तर

| क्रसं0 | पद नाम | पदों की संख्या | वर्तमान मानदेय(रूपये में) | सभी पदों का एक समान संशोधित मानदेय(रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Greivance Redressal Manager मुख्यालय | 01 | 30,000/- | 42,000/- |
| 2 | Additional Programme Officer (APO) मुख्यालय | 05 | 20,000/- | 28,000/- |
| 3 | I.T. Coordinator मुख्यालय | 01 | 20,000/- | 28,000/- |
| 4 | MIS Analyst मुख्यालय | 01 | 20,000/- | 28,000/- |
| 5 | Operation Manager(e-FMS) मुख्यालय | 01 | 20,000/- | 28,000/- |
| 6 | Junior Consultants(e-FMS) मुख्यालय | 01 | 20,000/- | 28,000/- |

3- मनरेगा योजना के अन्तर्गत रखे गये इन कार्मिकों की संविदा कर्मियों के संबंध में निर्धारित सेवा शर्तें व अन्य शर्तें यथावत/पूर्ववत रहेंगी।

4- कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

5- यह आदेश वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2 के अशा0 पत्र संख्या-यूओ-ई-2-97/2018 दिनांक 30-01-2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

( सुधेश कुमार ओझा )
सचिव ।

shasanadesh.up.nic.in

संख्या-01/2018/2086 (1)/अड़तीस-7-2018-तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. स्टाफ ऑफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक , उत्तर प्रदेश।
4. अपर आयुक्त (मनरेगा), ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
5. समस्त परियोजना निदेशक/ उपायुक्त श्रम रोजगार, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त कार्यक्रम अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्य विकास अधिकारी।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से

( अच्छे लाल सिंह यादव )
विशेष सचिव ।

यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है :अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।